


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़, गुरूवार,31,जुलाई 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाए आतंकी

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे संगठनों ने न केवल अपनी पुरानी संरचनाओं को पुनर्गठित किया है बल्कि सामाजिक धार्मिक संगठनों, मदरसों, मेडिकल ट्रस्ट, राहत संस्थानों और युवा संगठनों की आड़ लेकर काम शुरू कर दिया है ताकि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और निगरानी से बचा जा सके। टीआरएफ को लेकर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के बाद साफ हो गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों ने नए नामों और छद्म संगठनों (फ्रंट ऑर्गनाइजेशंस) के जरिये अपनी गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया है।भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खुफिया रिपोर्टों के अनुसार जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और तहरीक-ए-



तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे संगठनों ने न केवल अपनी पुरानी संरचनाओं को पुनर्गठित किया है बल्कि सामाजिक धार्मिक संगठनों, मदरसों, मेडिकल ट्रस्ट, राहत संस्थानों और युवा संगठनों की आड़ लेकर काम शुरू कर दिया है ताकि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और निगरानी से बचा जा सके। मालूम हो कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सेंक्शंस मॉनिटरिंग टीम की तरफ से ग्लोबल टेररिस्ट संगठनों पर बुधवार को जारी रिपोर्ट में पहलगाम हमले के लिए द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को जिम्मेदार ठहराया गय

## सुप्रीम कोर्ट में बीते दिन क्या-क्या हुआ?



### जांच समिति की रिपोर्ट पर जज को हटाने की सिफारिश कर सकते हैं CJI

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, सीजेआई केवल डाकघर की तरह काम नहीं कर सकते। गंभीर कदाचार का मामला आने पर सीजेआई राष्ट्रपति को सिफारिश भेज सकते हैं। न्यायपालिका के संरक्षक के रूप में राष्ट्र के प्रति उनके कुछ कर्तव्य हैं। हम चुप रहकर केवल फैसला सुना सकते थे, लेकिन यह अन्याय होगा।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) साक्ष्यों की जांच करने के बाद यह पाते हैं कि किसी सेवारत न्यायाधीश के खिलाफ लगे आरोप गंभीर हैं तो वह उन्हें हटाने की कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश कर सकते हैं। घर से नकदी मिलने मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर शीर्ष कोर्ट ने कहा, आंतरिक जांच के आधार पर सीजेआई न्यायिक कार्यभार वापस ले सकते हैं।पीठ ने कहा कि सीजेआई की सिफारिश को स्वीकार या अस्वीकार करने के मामले में संसद स्वतंत्र है। मौखिक तौर पर ये टिप्पणियां करते हुए शीर्ष कोर्ट ने याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया।जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा

## UP: 'तू पागल, तेरा बेटा पागल...', पत्नी से ये बात कहते थे ASP, इस कारण होती थी दंपती में खटपट; महिला ने दी जान


लखनऊ में सीआईडी में तैनात एएसपी की पत्नी ने बुधवार को खुदकुशी कर ली। उनका शव पंखे से लटका मिला। मृतक के भाई ने एएसपी पर दूसरी महिला से नजदीकियों का आरोप लगाया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में सीआईडी में तैनात एएसपी मुकेश प्रताप सिंह की पत्नी नितेश सिंह (38) ने बुधवार को आत्महत्या कर ली। वह लखनऊ पुलिस लाइन स्थित ट्रांजिट हॉस्टल में परिवार के साथ रहती थीं। ट्रांजिट हॉस्टल में ही उनका शव पंखे से लटका मिला। नितेश के भाई फिरोजाबाद के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार और पिता ने एएसपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डीसीपी आशीष कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, घटना के वक्त एएसपी अपने दफ्तर में थे। घर पर उनकी 12 साल की बेटी अनन्या



और पत्नी नितेश मौजूद थीं। अनन्या शाम चार बजे कमरे से बाहर निकली तो मां को फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल पड़ी। अनन्या ने फौरन अपने पिता को घटना की जानकारी दी। वहीं, नितेश के भाई और फिरोजाबाद के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने आरोप लगाया है कि एएसपी की एक महिला से नजदीकियां थीं। इसको लेकर आए दिन पति-पत्नी में विवाद होता था। पति की प्रताड़ना से तंग आकर उनकी बहन ने जान दी है। पति से विवाद की वजह से ही नितेश सात माह से मायके में रह रही थी। एएसपी मुकेश प्रताप सिंह की पत्नी नितेश की आत्महत्या के मामले में मायके पक्ष ने साजिशन जान देने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। नितेश के भाई प्रमोद कुमार के मुताबिक,

## UP: आफत बनकर बरसे मेघ

आगरा में मेघ आफत बनकर बरसे। शाम को शुरू हुई तेज बारिश देर रात तक रुक-रुक कर होती रही। जोरदार बारिश से शहर से हाईवे तक पानी भर गया।दिन में उमस के बाद बुधवार शाम को तेज बारिश शुरू हुई जो देर रात तक रुक-रुक कर होती रही। इससे कई सड़कें दरिया जैसी बन गईं। हाईवे पर



बारिश से दयालबाग, खंदारी, नगला बूढ़ी, 100 फुट रोड, कमला नगर, बल्केश्वर, मुगल रोड, वाटर वर्क्स लाल मस्जिद रोड, ट्रांसयमुना, टेढ़ी बगिया, पंचकुइयां, फाउंड्री नगर, अलबतिया रोड, अवधपुरी, मारुति एस्टेट, लोहामंडी-सेंट जोंस रोड, गधापाड़ा, बेलनगंज, फ्रीगंज, ताजगंज, फतेहाबाद रोड, मुगल पुलिया, सुंदरपाड़ा, साकेत कॉलोनी, गोविंद नगर, बोदला, आवास विकास कॉलोनी, गुरुद्वारा गुरु का ताल के सामने और कैलाशपुरी, मदिया कटरा रोड पर जलभराव हो गया।इससे वाहनों की रफ्तार थम गई। जलभराव और बारिश में कई वाहन बंद हो गए, जिससे जाम और बढ़ता गया। देर रात तक लोग जाम में फंसे नजर आए। हाईवे पर सिकंदरा से

## सिस्टम ठीक करना चाहता था, कुछ लोग बौखला गए'; उठक-बैठक लगाने वाले IAS रिंकू सिंह ने तबादले को माना सजा



पुवायां के एसडीएम आईएएस रिंकू सिंह राही ज्वॉइन करने के 36 घंटे बाद ही हटा दिए गए। उन्हें राजस्व परिषद से संबद्ध किया गया है। वह वकीलों के बीच उठक-बैठक लगाकर सुर्खियों में आए थे। तबादले पर उन्होंने कहा कि इसे सजा मान सकते हैं। बात गंदगी की नहीं, वह सिस्टम ठीक करना चाहते थे, लेकिन कुछ लोग बौखला गए। शाहजहांपुर की पुवायां तहसील में उठक-बैठक लगाने के बाद राजस्व परिषद से संबद्ध किए गए आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने संवाद न्यूज एजेंसी से बात करते हुए दावा किया कि यह जो खेल हुआ है, वह सिर्फ सफाई और गंदगी से संबंधित मामला नहीं है। यह सिस्टम की सफाई से जुड़ा मामला भी है, जिसे ठीक करना चाहता था। उन्होंने एसडीएम बनने के पहले ही दिन दो गड़बड़ियां पकड़ ली थीं। उनको अटैच करना सजा के तौर पर भी देखा जा सकता है, लेकिन उनकी मंशा को लोग ठीक से समझ नहीं पाए। बता दें कि एसडीएम रिंकू सिंह राही ज्वॉइन करने के 36 घंटे बाद ही हटा

## आगरा में चंबल खतरे के निशान के पार



राजस्थान और मध्य प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश में हुई बारिश और कोटा बैराज व बनास नदी बांध के 6 गेट खोलकर भारी मात्रा में पानी डिस्चार्ज किया गया है। बनास बांध के गेट खुलने से लगातार चंबल नदी में पानी डिस्चार्ज हो रहा है। इसके चलते चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। पिनाहट घाट पर खतरे के निशान 130 मीटर को पार करते हुए चंबल का स्तर गुरुवार सुबह तक 133 मीटर तक पहुंच गया। चंबल में बाढ़ को देखते हुए नदी किनारे बसे गांव के लोगों ने अब अपने पशुओं के साथ सुरक्षित स्थानों पर जाना शुरू कर दिया है। लगातार चंबल में बढ़ रहे जलस्तर को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। बाढ़ चौकियों पर लेखपाल और कानूनगो की ड्यूटियां लगाई है। रात में तैनात रहने के लिए आदेश दिए गए हैं। 2019 और 2022 में चंबल नदी में आई भयंकर बाढ़ के चलते चंबल किनारे बसे गांव में समस्या उत्पन्न हो गई थी। वहीं, बाढ़ से सब कुछ तबाह हो गया था।

# Aaj Ka Rashifal 31 July

## माह के आखिरी दिन इन चार राशि वालों को हो सकता है अच्छा फायदा

31 July Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 31 जुलाई 2025 का राशिफल।



### मेष

आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप बिजनेस में यदि कोई पार्टनरशिप करें, तो उसे पूरी लिखापढ़ी करके ही करें, नहीं तो आपके साथ धोखा हो सकता है, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें अपनी मेहनत में तेजी लानी होगी। आपके रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी और आप कहीं डिनर डेट पर जाने की योजना बना सकते हैं। आप कुछ समय छोटे बच्चों के साथ व्यतीत करेंगे, जिससे आपको टेंशनों से छुटकारा मिलेगा और आप बेहतरीन अनुभव करेंगे।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। संतान आपकी किसी बात का बुरा मान सकती है। आपको अपने स्वास्थ्य पर भी पूरा ध्यान देना होगा। किसी जल्दबाजी के कारण आपको निराशा हाथ लगेगी। आपको अपनी वाणी पर थोड़ा कंट्रोल करके चलने की आवश्यकता है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर डालने की कोशिश करेंगे। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। धन से संबंधित मामला यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी दूर होगा। आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप आज इधर-उधर के कामों में ना लगें। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड होने से बचना होगा। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका खर्चा हो सकता

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप किसी इन्वेस्टमेंट को बिना सोचे समझे ना करें। आप किसी विरोधी की बातों में ना आए। आज आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है, जिसमें खर्चा अच्छा खासा होगा, लेकिन रियल एस्टेट अथवा शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लग सकती है। आपकी जीवनसाथी से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए दिन बढ़िया रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में कामों से अपने बॉस का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। बिजनेस में आपको अपने पार्टनर पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी, जो लोग कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, उन्हें भी थोड़ा ध्यान देना होगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात हो सकती है।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा, क्योंकि लापरवाही के कारण आपकी समस्या बढ़ेगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई में समस्याओं को नजरअंदाज ना करें। यदि आप किसी बहकावे में आकर कोई इन्वेस्टमेंट किया, तो बाद में वह आपके लिए समस्या बन सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा ध्यान देना होगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके कुछ नए विरोधी खड़े हो सकते हैं। आपको पारिवारिक रिश्तों में सुधार लाने की पूरी कोशिश करनी होगी। आपके ऊपर काम की जिम्मेदारियों का बोझ अधिक रहेगा। आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। वैवाहिक जीवन में आपको एकजुटता बनाकर चलनी होगी। आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी और आपको सामाजिक कामों में कोई पुरस्कार भी मिल सकता है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए आय के सोर्सों में वृद्धि लेकर आएगा। आपको परिवार के सदस्यों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। आर्थिक मामले को लेकर आप जल्दबाजी न दिखाएं। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देना होगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।

### धनु

आज का दिन आपके लिए ध्यान देकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपकी कोई प्रॉपर्टी से संबंधित डील लटक सकती है। कार्यक्षेत्र में यदि आपको काम को लेकर कोई सलाह दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आप अपनी बुद्धि व विवेक से कोई निर्णय लें। आपका कोई कानूनी मामला यदि आपको समस्या दे रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको दिखावे के चक्कर में पड़ने से बचना होगा। धन को लेकर यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी आसानी से दूर हो जाएगी।

### मकर

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अक्समात धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप संतान की फरमाइश पर उन्हें कहीं घूमाने-फिराने भी लेकर जा सकते हैं। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि अनबन चल रही थी तो वह दूर होगी। आपकी कोई पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद खड़ा हो सकता है। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपको काम को लेकर कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आज आप अपने मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे। एक साथ आपको कोई काम हाथ लगेंगे। आप जल्दबाजी में किसी काम को लेकर उतावलापन ना दिखाएं। सामाजिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपके जन समर्थन में इजाफा होगा। आप अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। आप अपने कामों को धैर्य और साहस से निपटाने की कोशिश करें।

### मीन

आज का दिन आपके लिए अपने रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने बिजनेस में कुछ नई योजनाओं को लेकर अपने पार्टनर से बातचीत कर सकते हैं। जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे और उन्हें कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। आपका धन को लेकर कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा होगा। आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। किसी यात्रा पर आपको थोड़ा सावधान रहकर जाना होगा।

आज 31 जुलाई, गुरुवार का दिन है और हिंदू पंचांग के अनुसार आज श्रावण माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि है। आज के दिन चंद्रमा कन्या राशि में होंगे फिर इसके बाद तुला राशि में गोचर करेंगे। इसके अलावा आज के दिन बुध और सूर्य की युति होगी जिसे बुधादित्य राजयोग बनेगा। साथ ही गुरु और शुक्र की युति बनेगी जिससे गजलक्ष्मी का शुभ योग का संयोग बना हुआ। ऐसे में आज के दिन कई राशि वालों अच्छा खासा लाभ मिलने के योग हैं। आइए जानते हैं की गणना करते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।

# Accident in Meerut

## स्कूल जा रही आर्मी वैन में घुसा कैंटर, मची चीख-पुकार, एक छात्रा की मौत, पांच घायल









मेरठ के कंकरखेड़ा में दर्दनाक हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार कैंटर ने आर्मी की स्कूली वैन को टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा आर्या सिरोही की मौत हो गई जबकि पांच छात्र-छात्राएं घायल हैं। सभी को मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। छात्र-छात्राओं को स्कूल लेकर जा रही आर्मी की वैन में तेज रफ्तार कैंटर ने जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में छात्रा आर्या सिरोही की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। मृतक छात्रा किस कक्षा में पढ़ती है इसकी अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वैन बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थी, तभी सामने से आए तेज रफ्तार कैंटर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए और वैन में सवार छात्र छात्राओं में चीख-पुकार मच गई।बताया गया कि कैंटर ओवरलोडेड था। तेज रफ्तार के साथ वह सीधा वैन में जा घुसा। वहीं टक्कर लगने से स्कूल वैन का कचूमर हो गया। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं मृतका आर्या के परिवार में मातम का माहौल है।

# Delhi NCR Weather

## दिल्ली-एनसीआर में कल से लगातार हो रही है बारिश, कहीं फुहार... तो कहीं मूसलाधार



दिल्ली में अगले पांच दिनों तक बरसात का मौसम रहने वाला है। कल दोपहर से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रुक-रुक कर एनसीआर में अभी तक जारी है। सुबह जोरबाग इलाके में बारिश की खबर है।दिल्ली-एनसीआर में कल दोपहर से रुक-रुक कर बारिश का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह जारी है। दिन के बाद कल रात 10 बजे के बाद से शुरू हुई बारिश अभी तक जारी है। एनसीआर में जमकर बारिश हो रही है। इससे दो दिन की गर्मी और उमस कम हुई है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक बारिश की बात कही है। दिल्ली-एनसीआर में रात भर बारिश रुक-रुक कर होती रही। लगातार बारिश के कारण अधिकांश सड़कों के किनारे पानी जमा हो गया है। इससे दिन निकलते ही सड़कों पर जाम की आशंका है आज सुबह से जोरबाग, मिंटो रोड और कनॉट प्लेस इलाके में झमाझम बारिश की खबर है। नोएडा और आसपास के इलाकों में भी बारिश चल रही है।राजधानी में कल शाम 5 बजे जमकर बादल बरसे। इससे लोगों को उमस से राहत मिली। जगह-जगह लोग बारिश का आनंद लेते भी नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में शाम 5:30 बजे तक सफदरजंग मानक केंद्र में 15 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम 32.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए भी बारिश की संभावना जताई है। 5 अगस्त तक अधिकतम तापमान 33 से 35 के आसपास रहने का अनुमान है।

# वर्षों बाद कैसा है सेट पर स्मृति ईरानी का बर्ताव,

Kyunki Saas Bhi Kabhi Bahu Thi 2: टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का हिस्सा रहे हितेन तेजवानी ने बताया है कि स्मृति ईरानी के साथ काम करके उन्हें कैसा लगा है। एकता कपूर के सबसे मशहूर टीवी शोज में से एक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' मंगलवार को छोटे पर्दे पर लौट आया है। इसमें स्मृति ईरानी तुलसी विरानी के रूप में अपनी भूमिका को फिर से निभा रही हैं। अभिनेता हितेन तेजवानी ने करण विरानी के रूप में अपनी वापसी के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि इतने वर्षों बाद स्मृति ईरानी के साथ काम करके कैसा लगा।हितेन ने इंडिया टुडे से बातचीत में बताया 'क्योंकि' जैसे शो का हिस्सा बनना और लगभग 25 साल बाद वापसी करना सम्मान की बात है। ऐसा लगता है जैसे हम कभी रुके ही नहीं। ऐसा लग रहा है जैसे हमने वहीं से शुरुआत की है जहां से छोड़ा था। मैं वाकई बहुत खुश था। आखिर, क्योंकि जैसा मशहूर शो कितनी बार वापस आता है?



# Kriti Sanon

## जन्मदिन का जश्न अभी खत्म नहीं हुआ, बहन नूपुर के साथ मस्ती करती नजर आईं कृति सेनन; देखें तस्वीरें





Kriti Sanon Photos: कृति सेनन ने 27 जुलाई को विदेश में अपना 35वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया, लेकिन अभी भी उनकी पार्टी जारी है। उन्होंने बहन नूपुर के साथ कई खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने 27 जुलाई को अपना 35वां जन्मदिन विदेश में बहन नुपुर सेनन और कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ मनाया। उन्होंने एक अनजान बीच पर जन्मदिन का जश्न किया और अब सोशल मीडिया पर उन्होंने अपनी शानदार पार्टी की तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है।कृति सेनन ने अपनी बहन नूपुर के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इन बेहद खूबसूरत

# आशीर्वाद ने मेरे हृदय को शांति से भर दिया'

## सनी देओल ने की दलाई लामा से मुलाकात; लिखा इमोशनल नोट



Sunny deol meet Dalai Lama: सनी देओल ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक खास तस्वीर शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। फैंस उनकी इस तस्वीर पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच सनी ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इस खास तस्वीर के साथ सनी ने एक भावुक नोट भी लिखा है।सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और दलाई लामा की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस शानदार तस्वीर के साथ सनी ने कैप्शन में बेहद ही भावुक नोट लिखा, 'बहुत सम्मान और कृतज्ञता का पल। लद्दाख की शांत वादियों में परम पावन दलाई लामा से मुलाकात हुई। उनकी मौजूदगी, ज्ञान और आशीर्वाद ने मेरे मन को शांति दी। यह पल सचमुच अविस्मरणीय है।'सनी की इस खास पोस्ट के बाद फैंस ने भी जमकर कमेंट कर अपना प्यार बरसाया है। एक फैन ने लिखा, 'मेरा असली हीरो', एक फैन ने लिखा, 'सनी पाजी जय श्री राम', एक फैन ने लिखा, 'वाह...शानदार...आपसे बहुत प्यार करता हूं', एक फैन ने लिखा, 'ये वो हाथ हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का हैंडपंप उठाया था, इन हाथों को सलाम पालजी, लव यू', एक फैन ने लिखा, 'गुरु से बड़ा ना कोई होए', एक फैन ने सनी की फिल्म गदर का डायलॉग लिखा, 'हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।'सनी देओल आखिरी बार फिल्म 'जाट' में नजर आए थे। अब सनी जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी,

# इब्राहिम और राशा ने भी किया वॉक



भारत के हैंडसम और यंग क्रिकेटर अभिषेक शर्मा क्रिकेट के मैदान के बाद अब रैंप पर भी छा गए हैं। खिलाड़ी ने इंडियन कोचर वीक 2025 के ग्रैंड फिनाले में वॉक किया।24 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज को मैदान पर गेंदबाजों के छक्के छुड़ाते हुए देखा गया है,

# सांप ने शहर में मचाया आंतक,



Zootopia 2 Trailer Released: डिज्नी की मच अवेटेड फिल्म 'जूटोपिया 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है यानी अब जल्द ही निक और ज्युडी की जोड़ी फिर से दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए तैयार है। डिज्नी की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म 'जुटोपिया' एक बार फिर अपने नए सीक्वल के साथ लौट आई है। जहां पहली फिल्म में अपराध सुलझाने के लिए निक वाइल्ड और ज्युडी हॉप्स की जोड़ी बनाई गई थी, वहीं अब 'जूटोपिया 2' में भी दोनों मिलकर एक विशाल सांप का सामना करेंगे। 'जूटोपिया 2' का ट्रेलर रिलीज हुआ है जिसमें एक बार फिर ये जोड़ी दर्शकों को एंटरटेन करते हुए नजर आएगी। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को एक ऐसे सफर पर ले जाता है, जहां निक और ज्यूडी, जो अब जूटोपिया पुलिस के रॉकी ऑफिसर हैं, एक नए और खतरनाक केस में उलझ जाते हैं। इस बार चुनौती सिर्फ प्रोफेशनल नहीं बल्कि पर्सनल भी है। दोनों के बीच बढ़ते मतभेदों को देखते हुए चीफ बोगो उन्हें 'पार्टनर्स इन क्राइसिस' नाम के काउंसलिंग प्रोग्राम में भेजते हैं। लेकिन हालात तब बिगड़ जाते हैं जब उन्हें जूटोपिया में आए एक रहस्यमयी और जहरीले सांप के केस में जुटना पड़ता है।'जूटोपिया 2' में कई नए किरदारों की भी एंट्री होती है।




# Samantha Ruth Prabhu



Viral Video: अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और निर्देशक राज निदिमोरु हाल ही में मुंबई के रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर डेट पर नजर आए। जिससे उनके रिश्ते की अफवाहें और तेज हो गईं। साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और फिल्म निर्देशक राज निदिमोरु को एक साथ मुंबई के एक रेस्टोरेंट में डिनर डेट पर देखा गया। दोनों एक साथ एक ही कार में डिनर के लिए रेस्टोरेंट आए थे। लेकिन जब पैपराजी ने दोनों को एक साथ कैमरे में कैद करना चाहा तो राज पैपराजी की इस हरकत से नाराज नजर आए।मुंबई में डिनर के लिए एक साथ नजर आए सामंथा और राज को देखने के बाद जैसे ही पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद करना चाहा, वैसे ही राज के चेहरे के एक्सप्रेशन गुस्से में बदल गए। राज पैपराजी की इस हरकत से नाराज नजर आए। इस दौरान सामंथा ने सफेद-नीली धारीदार स्वेटर पहनी थी और साथ ही वह बिना मेकअप के सिंपल लुक में भी बेहद खूबसूरत दिखीं, जबकि राज हरी जैकेट और काली टोपी में दिखे।अब इन दोनों का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। पहले, सामंथा ने सोशल मीडिया पर राज के साथ डेट्रॉयट की तस्वीरें साझा की थीं, जिसने इन दोनों की डेटिंग को लेकर अफवाहों को हवा दी थी।इंडिया टुडे की एक खबर के मुताबिक, राज की पूर्व पत्नी श्यामाली डे ने सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय पोस्ट लिखा था, जिसमें उन्होंने "जो बोओगे, वही काटोगे" कहा, जिसे लोग इन अफवाहों से जोड़कर देख रहे हैं।सामंथा और राज ने 'द फैमिली मैन 2' और 'सिटाडेल: हनी बनी' जैसी वेब सीरीज में साथ काम किया है। अब सामंथा नेटफ्लिक्स की 'रक्त ब्रह्मांड: द ब्लडी किंगडम' पर काम कर रहे हैं।

# अध्ययन

## पीएलआई से मोबाइल विनिर्माण को मिली रफ्तार, आयातक से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्यातक बना भारत



अध्ययन में मोबाइल उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में वेतन वृद्धि का भी विश्लेषण किया गया है। इसके मुताबिक, दोनों क्षेत्रों में वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। खासकर निर्यात से जुड़ी भूमिकाओं में। यह वेतन और आय के स्तर पर मजबूत आर्थिक प्रभाव का संकेत है।भारत मोबाइल फोन उत्पादन (विनिर्माण) के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते हुए वैश्विक पावरहाउस बन गया है। देश पिछले 10 साल में आयातक से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्यातक बन गया है। कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत से कुल 20.5 अरब डॉलर का मोबाइल फोन निर्यात किया गया। सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज (सीडीएस) के अध्ययन के मुताबिक, भारत को मोबाइल फोन आयातक से निर्यातक बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत 2017 में हुई थी। यह परिवर्तन निरंतर सरकारी समर्थन, वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में रणनीतिक एकीकरण और 2020 में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के शुभारंभ का नतीजा है।भारत की असाधारण यात्रा के बारे में अध्ययन में बताया गया है कि देश 2014-15 में मोबाइल फोन का शुद्ध आयातक था। सरकार के समर्थन के दम पर अगले 10 साल में यानी 2024-25 में 24.1 अरब डॉलर के साथ मोबाइल फोन निर्यात का पावरहाउस बन गया, जबकि 2017-18 में यह सिर्फ 0.2 अरब डॉलर था। 11,950 फीसदी की यह आश्चर्यजनक वृद्धि भारत के मोबाइल विनिर्माण की दिशा में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाती है।सीडीएस का यह अध्ययन प्रोफेसर सी वीरमणि के नेतृत्व में तैयार किया गया है। वह कहते हैं, मोबाइल फोन निर्यात अब घरेलू मांग से आगे निकल गया है। देश 2018-19 से मोबाइल फोन का शुद्ध निर्यातक बना हुआ है। भारत के मोबाइल फोन उत्पादन के घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) में प्रत्यक्ष और सहायक उद्योगों

# Gold Price

## सोना इतिहास में पहली बार हुआ इतना महंगा, 10 ग्राम की कीमत एक लाख रुपये के पार; जानें कब होगा सस्ता



सोने की कीमत ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पहली बार सोने का भाव 1 लाख रुपये के पार हो गया है। अब प्रति 10 ग्राम का स्तर पार कर लिया है अक्षय तृतीया से पहले सोने की कीमत में भारी उछाल से हर कोई हैरान है। 24 कैरेट सोने की कीमत एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार हो गई हैं। सोने की बढ़ी कीमतों ने स्वर्णकारों से लेकर ग्राहकों की धड़कनों को बढ़ा दिया है। शादी से सीजन में लोगों को सोने के आभूषण खरीदने से पीछे हट रहे हैं। सर्राफा दुकानों में सन्नाटा पसरा हुआ है। मंगलवार को 24 कैरेट सोने की कीमत एक लाख रुपये प्रति दस ग्राम के पार रहीं। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत प्रति दस ग्राम 98200 रुपये तक पहुंच गई।अक्षय तृतीया का पर्व 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन को विवाह के लिए बेहद शुभ मुहूर्त माना जाता है। अक्षय तृतीया पर लोग सोने-चांदी के आभूषणों की भी खरीदारी करते हैं। लेकिन अक्षय तृतीया से पहले सोने के दाम आसमान छूते जा रहे हैं। सोने की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से हर कोई भौचक्का रह गया है। उप्र स्वर्णकार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामबाबू वर्मा ने बताया कि सोने की कीमतों में उछाल और गिरावट से हर कोई हैरान है। सोने के दामों की दिशा तय करना मुश्किल हो गया है। लगातार बढ़ोतरी से एक्सपर्ट कुछ भी अनुमान लगाने से हिचक रहे हैं। उप्र स्वर्णकार एसोसिएशन के महामंत्री ज्ञान गुप्ता का कहन है कि सोने की कीमत बढ़ने के बाद बाजार में सोने की खरीद में एक दम कमी आने से दुकानदार मायूस हैं।

# ED: अनिल अंबानी से जुड़े 50 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी




ED: अनिल अंबानी से जुड़े 50 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, ₹3000 करोड़ के यस बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मुंबई में उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा रिलायंस कम्युनिकेशंस और इसके प्रमोटर-निदेशक अनिल डी अंबानी को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत किए जाने के कुछ ही दिनों बाद की गई है।हालांकि अनलि अंबानी के निजी आवास पर तलाशी अभियान नहीं चलाया गया, लेकिन दिल्ली और मुंबई से आई ईडी की टीमों ने उनके समूह की कुछ कंपनियों से जुड़े परिसरों का दौरा किया। यह जांच RAAGA (रिलायंस अनिल अंबानी समूह) कंपनियों की ओर से कथित धन शोधन से संबंधित है। ईडी की कार्रवाई राष्ट्रीय आवास बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए), बैंक ऑफ बड़ौदा और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज दो एफआईआर सहित कई नियामक और वित्तीय निकायों से प्राप्त इनपुट पर आधारित है।रिपोर्ट्स के अनुसार अनिल अंबानी समूह से जुड़े वरिष्ठ व्यावसायिक अधिकारियों के यहां भी तलाशी ली जा रही है। ईडी का दावा है कि उसे सार्वजनिक धन की हेराफेरी की एक सुनियोजित योजना के सबूत मिले

# डिजिटल तकनीक ने बदल दी भारत की कर प्रणाली



Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि 2013-14 से 2024-

आईटी, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी प्रणय काले ने कहा, यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में टियर-2 शहरों के बढ़ते महत्व को बताती है। अब नौकरी चाहने वालों के पास अपने घर के पास ही विभिन्न अवसर उपलब्ध हैंरिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों में भर्तियां सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी हैं। इसके उलट, दिल्ली-एनसीआर (5 फीसदी), चेन्नई (18 फीसदी) और बंगलूरू (16 फीसदी) जैसे प्रमुख महानगरों में तुलनात्मक रूप से धीमी वृद्धि देखी गई। टियर-2 शहरों में आईटी भर्तियों में 53 फीसदी की असाधारण वृद्धि रही जो राष्ट्रीय औसत 30 फीसदी से अधिक है।

# भारतीय परिवारों के पास 25000 टन सोना



सोने को बेचना हमें अपनी विरासत से बिछड़ने जैसा लग सकता है। लेकिन, यह बात हमेशा ध्यान रखें कि सोना अन्य एसेट की तरह एक संपत्ति भी है और शेयरों की तरह इसका मूल्यांकन करना जरूरी है। आज के समय में सोना आपका बैकअप प्लान, विकास कोष और सुरक्षा कवच सब कुछ हो सकता है। भारत में सोना सिर्फ धन नहीं, यह हमारी पहचान का हिस्सा है। यह वह बेशकीमती उपहार है, जो दादी-नानी शादी में आशीर्वाद के रूप में देती हैं। माता-पिता इसे गुपचुप तरीके से तिजोरी में सहेज कर रखते हैं और जरूरत के समय यही सोना हर परिवार का सहारा बनता है। इस प्रकार, सोना सिर्फ धातु नहीं, बल्कि यादों, परंपरा और भावनाओं का प्रतीक है। लेकिन, यह बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि सोना दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्प भी है। बात जब निवेश की आती है, तो आपको अपने पोर्टफोलियो को संतुलित बनाना भी जरूरी होता है। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि सोने को सिर्फ घर में रखकर छोड़ देना कितना सही फैसला है। सोना चाहे जेवर के रूप में हो या डिजिटल स्वरूप में, भारतीयों का सोने के प्रति प्यार न केवल भावनात्मक है,

# भारतीय अर्थव्यवस्था-वित्तीय प्रणाली

**टैरिफ के झटकों से निपटने में सक्षम; भारत FDI के लिए आकर्षक** आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है।





बढ़ते व्यापार, कई देशों के बीच लंबे समय तक चल रहे तनाव और उन्नत देशों के नीतिगत फैसलों से पड़ने वाले प्रभावों से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाभर में जारी अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक प्रमुख चालक बनी हुई है।आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है। घरेलू वित्तीय प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से मजबूत बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति से समर्थित वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















# IND vs ENG Playing-11

## पांचवें टेस्ट से बुमराह का बाहर होना तय; किसकी होगी एंट्री, क्या कुलदीप को मिलेगा मौका?











भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 'द ओवल' मैदान पर 14 टेस्ट खेले गए हैं। इनमें से टीम इंडिया ने दो मुकाबले जीते हैं, जबकि पांच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। सात टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। टीम इंडिया ने इस मैदान पर 1971 में इंग्लैंड को चार विकेट से हराया था। इसके बाद 2021 में भारतीय टीम ने 157 रन से जीत हासिल की। अब शुभमन गिल की टीम यहां जीत दर्ज करने उतरेगी।भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज के पांचवें और आखिरी टेस्ट की शुरुआत 31 जुलाई, गुरुवार से होगी। लंदन के द ओवल मैदान में खेला जाने वाला यह मैच टीम इंडिया के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सीरीज हार से बचने के लिए भारत को हर हाल में यह मैच जीतना होगा। इंग्लैंड ने फिलहाल 2-1 की बढ़त बनाई हुई है। शुभमन गिल की अगुआई में भारत ने इस दौरे पर कमाल का प्रदर्शन किया है। लीड्स और लॉर्ड्स, जिन दो टेस्ट मैचों में भारतीय टीम हारी, वो बेहद करीबी रहे। टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने मैनचेस्टर टेस्ट को बचाने के लिए गजब का साहस दिखाया। भारतीय बल्लेबाज इस सीरीज में फॉर्म में रहे हैं। हालांकि, आखिरी टेस्ट में भारत की सबसे बड़ी समस्या गेंदबाजों के चयन को लेकर होगी।

# Macau Open Badminton:

## लक्ष्य-तरूण और रक्षिता भी मकाऊ ओपन के दूसरे दौर में, आयुष भी अगले राउंड में पहुंचे



मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया।भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरूण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21-8, 21-14 से हराया । वहीं विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो और रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा । वहीं तरूण की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। महिला एकल में रक्षिता रामराज एकमात्र भारतीय रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोएकीवोंग को 63 मिनट में 18-21 21-17 22-20 से शिकस्त दी।

मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया। वहीं पुरुष युगल में पी कृष्णामूर्ति रॉय और एस प्रतीक की भारतीय जोड़ी ने डी कोनाथोयूजाम और अमान मोहम्मद की हमवतन जोड़ी को 21-18 21-19 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।एच एस प्रणय को इंडोनेशिया के योहानेस एस मार्शेलिनो के हाथों 21-18, 15-21, 15-21 से पराजय झेलनी पड़ी। पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। रित्विक संजीवी सतीश कुमार एक अन्य मैच में चिको से 16-21 8-21 से हार गए।महिला एकल में उन्नति हुड्डा को डेनमार्क की जूली डवाल जाकोबसन ने 16-21, 21-19, 21-17 से मात दी। अनुपमा उपाध्याय को जापान की रिको गुंजी ने 21-16, 21-10 से हराया। शंकर सुब्रह्मण्यन और आकर्षि कश्यप को पहले दौर में चीन के हू जे अन और जापान की नोजोमी ओकुहारा ने क्रमश: 21-18, 21-14 और 21-14, 21-16 से हराया । किरण जॉर्ज हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से 31 मिनट में 21-15, 21-10 से हार गए।

# Football News

## CAFA नेशंस कप में भारत का पहला मैच ताजिकिस्तान से; ब्राजील कोपा अमेरिका फेमिनिना के फाइनल में

CAFA नेशंस कप में भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी।



भारत को सीएएफए (CAFA) नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी में रखा गया है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा। इस ग्रुप की अन्य दो टीमें ईरान और अफगानिस्तान हैं। आठ सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालिफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा।भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी। प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीमें ताशकंद में फाइनल में जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दुशांबे में तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। ग्रुप ए के मैच ताशकंद में खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान उज्बेकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में भारत और ओमान दो मेहमान टीमें हैं। ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से हराया था।पिछली चार बार के चैंपियन ब्राजील की टीम इक्वाडोर के क्विटो में जारी कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। उसने उरुग्वे के खिलाफ शुरुआती आधे घंटे में तीन गोल करके 5-1 से जीत हासिल की और पांचवीं बार फाइनल मे ◌ंजगह बनाई। अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज़ ने बढ़त दोगुनी कर दी जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी।गुटिएरेस ने 65वें मिनट में फ्री किक पर एक और गोल किया, जबकि डुडिन्हा ने 86वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल दागा। ब्राजील अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगा, जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था। जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था।

# हॉकी: तनु की हैट्रिक





## चार गोल से वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद को 5-0 से हराया, मेरठ को दी मात; पहुंची सेमीफाइनल

झांसी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में वाराणसी के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फॉरवर्ड प्लेयर तनु की हैट्रिक ने लोगों को आकर्षित कर दिया। चार गोल से वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद को हरा दिया।69वीं प्रादेशिक विद्यालयीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में बुधवार को वाराणसी मंडल ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम की फॉरवर्ड खिलाड़ी तनु यादव की हैट्रिक सहित 4 गोल से वाराणसी मंडल मुरादाबाद को 5-0 से हराया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में वाराणसी की टीम ने मेरठ मंडल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।झांसी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में मुकाबलों में वाराणसी के विकास इंटर कॉलेज की खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पहले मैच में वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद मंडल की केपीएस कॉलेज को हराया। इस मुकाबले में शुरुआत से ही वाराणसी की टीम हावी रही और पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद भी टीम का तेज खेल जारी रहा और दूसरे हाफ में दो और गोल दागकर स्कोर 5-0 पर पहुंचा दिया। इस मुकाबले में तनु के अलावा सृष्टि पटेल ने भी एक गोल कर टीम के स्कोर में योगदान दिया। सोनल, जानवी, अन्नू, सत्या, अंजली, रोशनी और कोमल ने भी पूरे मैच के दौरान शानदार खेल का प्रदर्शन किया।वहीं दूसरे मुकाबले में वाराणसी मंडल ने मेरठ मंडल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।